Stations (Northern Railway) has been departmentalized to the great inconvenience of taxi plyers;

(b) whether "Tonga Chalak Sangha" Dehra Dun submitted a petition to the Divisional Superintendent Northern Railway, Moradabad condemning this departmentalization and requesting for the continuance of the old contract system; and

(c) if so, the action taken thereon?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Shahnawaz Khan): (a) to (c). To avoid complaints of excessive levy of licence fee and exploitation of vehicle owners by outside contractors, a system of individual licensing direct by the railways, which was in force on some zones, was extended to the other zonal railways. As there have been some representatives against this arrangement also, the matter is under further review.

A representation has also been made by the Tonga Chalak Sangha Dehra Dun, seeking the continuance of the old contract system.

कोटा-गुमानपुरा में टेलीफोन

६१८. **श्री बेरवा** : क्या परिवहन तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोटा-गुमानपुरा में टेलीफोन के कनेक्शन के लिय कितने लोगों की कब से मांग है ;

(ख) अभी तक उनको टेलीफोन नहीं देने के क्या कारण हैं ; और

(ग) कब तक उन लोगों को टेलीफोन के कनेक्शन देने की संभावना है ?

परिवहन तथा संचार मंत्री (श्री जग जीवन राम) : (क) ५३ । सब से पुराने आवेदन-पत्र की तारीख १५ दिसम्बर, १९५८ है ।

(ख) कोटा गुमानपुर क्षेत्र में कोटा टेलीफोन एक्सचेंज से, जो कि वहां से चार मील दूर है, टेलीफोन कनेक्शन दिये जाते हैं । भारी औद्योगीकरण के कारण टेलीफोन कनेक्शनों की मांग तेजी से बढ़ गई है और जमीन के नीचे बिछे मौजूदा केबल तार उनके लिय पर्याप्त नहीं हैं ।

(ग) केबल तारों और ऊपरी लाइनों के लिये प्राक्कलनों की मंजूरी दे दी गई है और अपेक्षित सामान प्राप्त किया जा रहा है । सामान मिलने पर जैसे ही काम पूरा हो जाएगा टेलीफोन कनेक्शन दे दिये जाएंग ।

कोटा स्टेशन पर सार्वजनिक टेलीफोन घर

६१९. **श्री बेरवा** : क्या परिवहन-तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने व्यक्तियों ने कोटा स्टेशन पर सार्वजनिक टेलीफोन घर की मांग की है और कब से ;

(ख) उसे अभी तक न लगाने के क्या कारण हैं ; और

(ग) इसके कब तक लगाने की संभावना है ?

परिवहन तथा संचार मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) कोटा रेलवे स्टेशन पर सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने की मांग सीधे जनता से प्राप्त नहीं हुई है बल्कि डिवीज़नल सुपरिन्टेण्डेण्ट, पश्चिमी रेलवे, कोटा से प्राप्त हुई है, जिन्होंने सार्वजनिक टेलीफोन घर की मांग १७ दिसम्बर, १९६१ को लिख कर की थी ।

(ख) आवश्यक प्राक्कलन की मंजूरी दे दी गई है और कोटा स्टेशन के रेल डाक-सेवा घर में सार्वजनिक टलीफोन घर खोलने के लिये सामान प्राप्त किया जा रहा है ।

(ग) ज्योंही सामान प्राप्त होगा इसे दिया जायेगा ।